प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पर्यटन विभाग की पहल दैट्स यू अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य की पर्यटन नीति में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। इसके तहत पारंपरिक दर्शनीय स्थलों तक सीमित पर्यटन से आगे बढ़ते हुए स्लो टूरिजम की अवधारणा को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अभियान विशेष रूप से राज्य के प्रवेश द्वारों, हवाई अड्डों और हैरिटेज रेलवे स्टेशनों पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार किया गया है ताकि सैलानियों और हिमालय की प्रकृति के बीच एक गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव स्थापित किया जा सके। उन्होंने ये भी कहा कि विभाग की ये पहल राज्य की पर्यावरणीय सेहत को लेकर प्रतिबद्धता भी दर्शाती है।

जी.राम जी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार व आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी–जी राम जी. योजना केवल रोजगार उपलब्ध करवाने तक सीमित नही है बल्कि इस योजना के माध्यम से रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ा गया है। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जी राम जी योजना से साल में एक सौ 25 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने जी राम जी योजना को ग्रामीण भारत के लिए नया युग और रोजगार को विकास से जोड़ने का ऐतिहासिक कदम करार दिया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जी राम जी योजना से हिमाचल को सबसे अधिक फायदा होगा क्योंकि इस योजना में हिमालयी राज्यों को 90 अनुपात 10 की दर से फंडिंग मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में मनरेगा के तहत प्रदेश में 32 लाख 60 हजार रोजगार कार्य दिवस सृजित किए गए जबकि यूपीए सरकार के कार्यकाल में महज 16 लाख 52 हजार रोजगार कार्यदिवसों का ही सृजन हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए इस योजना का विरोध कर रही है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज और मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा व रमा ठाकुर भी मौजूद रहे।

धर्माणी

नगर नियोजन व आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश की भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य में सुनियोजित निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। धर्माणी ने आज शिमला में रेरा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य में लोगों को किफायती, पर्यावरण अनुकूल और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेरा रियल एस्टेट में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और संपत्ति संबंधी विवादों के निवारण में अहम भूमिका निभाता है। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तकनीक के सर्वोत्तम उपयोग को बढ़ाया दिया जा रहा है।

चंबा–कठिनाई

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा है कि पंचायत में लगभग एक हफ्ते से बीएसएनएल की मोबाईल सेवा बंद हो जाने से पंचायत के लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का नेटवर्क न होने के कारण इस पंचायत के लोग पांगी घाटी सहित देश व प्रदेश के अन्य हिस्सों से संचार सुविधा से कट गए हैं। उन्होंने बीएसएनएल प्रबंधन व पांगी घाटी प्रशासन से मांग की है कि शौर पंचायत में

लगे बीएसएनएल के टॉवर को तुरंत दुरूस्त किया जाए ताकि पंचायत की जनता को संचार सुविधा मिल सके।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। पिछले कल राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हुई हल्की बर्फबारी के बाद प्रदेश में ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। आज प्रदेश के 15 प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। ताबो आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 9 दशमलव चार डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के निचले जिलों ऊना, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के कई क्षेत्रों में लोगों को सुबह—शाम घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी 13 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने और मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————————